प्रेस सूचना ब्यूरो
भारत सरकार

***

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि सरकारें 5 साल में जो काम नहीं करती वह काम मोदी जी की सरकार ने 75 दिन के अंदर पूरा किया

मोदी जी के पराक्रम के कारण धारा 370 इतिहास का हिस्सा बन गई – श्री अमित शाह

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ होने से हमारी रक्षा क्षमता बढ़ेगी - श्री अमित शाह

नई दिल्ली, 16 अगस्त 2019

श्री अमित शाह ने कहा कि धारा 370 हटने से कश्मीर से कन्याकुमारी, कामाख्या से कच्छ तक माँ भारती आनन्दित है। श्री शाह का कहना था कि हम सब मानते थे कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, मां भारती का मुकुट मणि है मगर धारा 370 कहीं न कहीं एक संदेश देकर जाती थी कि अभी भी कुछ अधूरा है। 72 साल तक सरकार जो वोट बैंक के लालच में नहीं कर पाई, मोदी जी ने 75 दिन के अंदर पूरा कर धारा 370 को समाप्त किया।

श्री अमित शाह ने कहा कि धारा 370 हटने के बाद जम्मू - कश्मीर तथा लेह और लद्दाख के विकास के लिए जो कोई भी रोड़ा था वह हट गया है और मोदी जी के नेतृत्व में लेह-लद्दाख, जम्मू-कश्मीर का पूरा क्षेत्र आतंकवाद से मुक्त होगा और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा। उनका कहना था कि मुझे गर्व है कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी वोट बैंक के लालच में नहीं पड़े, उन्होंने हमेशा मां भारती के अच्छे के लिए, देश के अच्छे के लिए फैसले लिए और आज 75 दिन के अंदर मोदी जी के पराक्रम के कारण धारा 370 इतिहास का हिस्सा बन गई। श्री शाह का यह भी कहना था कि धारा 370 हटाने के लिये श्री अटल बिहारी बाजपेयी की आत्मा हृदय से आशीर्वाद दे रही होगी।

श्री अमित शाह ने कहा कि सरकारें 5 साल में जो काम नहीं करती है वह काम मोदी जी की सरकार ने 75 दिन के अंदर पूरा किया। पूरा देश एक अखंड भारत बने, सरदार पटेल के इस स्वप्न को पूरा करने का काम मोदी जी की सरकार ने किया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी जी ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की घोषणा की है जिसके लिये कारगिल युद्ध के समय टास्क फोर्स द्वारा सिफारिश की गई मगर फैसला नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि युद्ध के समय तीनों सेनाएं एक अंग बनकर दुश्मन के दांत खट्टे करें और तीनों सेनाओं के कोआर्डिनेशन के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की जरूरत थी। उन्होंने

यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने लाल किले की प्राचीर से घोषणा की है कि शीघ्र ही चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि इससे हमारी रक्षा क्षमता बढ़ेगी।

श्री अमित शाह ने बताया कि 75 दिन के अंदर ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि देश के हर किसान को प्राप्त हो रही है। मोदी जी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि छोटे किसानों को भी उपलब्ध कराई। उन्होंने यह भी बताया कि श्री नरेंद्र मोदी सरकार रिटेल ट्रेडर्स के लिए काम कर रही है जिनके लिए पूर्व की किसी भी सरकार ने ध्यान नहीं दिया। श्री शाह ने कहा कि इस सरकार ने छोटे किसान और छोटा व्यापारी दोनों के बुढ़ापे की चिंता करने का काम किया है। पीने के पानी से लेकर किसान के खेत तक सब जगह पानी की व्यवस्था के लिये जल मंत्रालय का गठन भी किया।

श्री शाह का कहना था कि जयंती देवी की पावन धरती पर आकर हमेशा मैं उर्जा प्राप्त करता हूं। महाभारत काल में पांडवों ने इसी धरती पर विजय देवी, जयंती देवी का मंदिर निर्माण कराया था और श्री मनोहर जी कुछ ही दिनों में चुनाव की यात्रा शुरू कर रहे जिसके पहले इस पावन भूमि पर यह रैली रखी है। मुझे भरोसा कि आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी दो तिहाई बहुमत के साथ पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। उन्होंने यह विश्वास दिलाया कि केंद्र की मोदी सरकार और हरियाणा की खट्टर सरकार मिलकर अगले पांच साल में हरियाणा में अभूतपूर्व परिवर्तन करेगी। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री के वजन के बराबर भाजपा के सदस्यता फार्म भी सौंपे गये।

श्री अमित शाह ने हरियाणा की विकास योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार का हरियाणा को लेकर प्रेम जगजाहिर है। विभिन्न परियोजनाओं की बात करते हुए उन्होंने बताया कि जींद से दिल्ली तक रेल लाइन के विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है तथा शीघ्र ही कई पुलों का निर्माण कार्य पूरा किया जायेगा ।

श्री अमित शाह ने कहा कि मुख्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने भ्रष्टाचार को भूतकाल बना दिया है। जो हरियाणा जातिवाद से ग्रसित था उसे भी खत्म कर दिया। उनका कहना था कि नौकरी जाति देखकर नहीं दी जाती, विकास जाति देख कर नहीं किया जाता इसलिये श्री मनोहर लाल खट्टर ने इसे समाप्त किया। श्री शाह ने यह भी बताया कि श्री खट्टर के नेतृत्व में हरियाणा एक मात्र केरोसिन मुक्त राज्य बन गया है जो एक बड़ी उपलब्धि है। लिंग अनुपात की चर्चा करते हुए श्री शाह ने कहा कि लिंग अनुपात 871 से बढ़कर 918 हुआ है जिसका श्रेय भी श्री मनोहर जी को जाता है।

कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और हरियाणा के प्रभारी डॉ अनिल जैन, युवा प्रदेश अध्यक्ष श्री सुभाष बराला सहित भाजपा सदस्य चौधरी वीरेंद्र सिंह, सांसद रमेश कौशिक सहित लोकसभा के सदस्य, वरिष्ठ मंत्री, विधायक तथा प्रदेश के पदाधिकारी मौजूद थे।

डॉ वीजी/डॉ डीडी/एसएस